# बाजार में बेच दीं नकली दवाएं, रुड़की की फार्मा कंपनी के मालिक पर मुकदमा Kanpur News

Publish Date:Tue, 30 Jul 2019 12:02 PM (IST)



किदवईनगर स्थित इनेट बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड में छापा मारकर नकली दवाएं पकड़ी गई थीं।

**कानपुर, जेएनएन।** मरीजों की जान से खिलवाड़ कर रही रूड़की की दवा निर्माता कंपनी के मालिक और दवा जांचकर्ता पर औषधि विभाग ने मुकदमा दर्ज कराया गया है। यह कार्रवाई लखनऊ स्थित राजकीय प्रयोगशाला में जांच के लिए गए दवाओं के 11 नमूनों में से सात के नकली पाए जाने पर की गई है। जांच में दो दवाएं सबस्टैंडर्ड (अधोमानक) मिलीं तो दो दवाओं में मानक से कम साल्ट मिला था।

सहायक औषधि आयुक्त शशी मोहन गुप्ता एवं औषधि निरीक्षक संदेश मौर्या ने बताया कि गौतमबुद्ध नगर (नोएडा) तथा बागपत में दवाओं की सैंपलिंग हुई थी। इसमें से कुछ दवाओं के नमूने संदिग्ध मिले। इसका सीधा कनेक्शन कानपुर से था। बीती 4 फरवरी को नोएडा के औषधि निरीक्षक एके जैन तथा बागपत के औषधि निरीक्षक वैभव बशर शहर में जांच के लिए पहुंचे थे। उन्होंने किदवईनगर स्थित इनेट बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड के यहां छापा मारा था। यहां सामने आया कि यह कंपनी दूसरी कंपनियों से दवाई बनवाकर सप्लाई करती है। जांच में कई दवाएं संदिग्ध मिली थीं।

इनमें से 11 दवा के नमूने सील कर जांच के लिए लखनऊ स्थित राजकीय प्रयोगशाला भेजे गए और रिपोर्ट आने तक इन दवाओं की बिक्री पर रोक लगा दी गई। लखनऊ से आई रिपोर्ट में सात दवाएं नकली व शेष घटिया होने की पुष्टि के बाद तत्कालीन औषधि निरीक्षक (अब सहायक औषधि आयुक्त) अरविंद गुप्ता उत्तराखंड के रुड़की स्थित दवा निर्माता कंपनी विष्णु रेमेडीज के यहां भी जांच-पड़ताल करने गए। विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने के बाद सोमवार को औषधि निरीक्षक संदेश मौर्या ने एडीजे-६ कोर्ट में दवा निर्माता कंपनी के मालिक एवं दवा जांचकर्ता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया।

**जांच में सामने आया ये सच**

**नकली दवाएं :** मीडे टेबलेट, केमोनैक-ए टेबलेट, जिपलेट सीएल ड्राई सिरप , जिपलेट-625 सीवी टेबलेट (बैच नंबर वीआरबीटी-1848), यूजेमॉक्स-500 कैप्सूल, जिपलेट-625 सीवी एलबी टेबलेट, जिपलेट-625 सीवी टेबलेट (बैच नंबर वीटीबीटी-1885)

**घटिया दवा :** पैकनॉन-40 टेबलेट, यूजेमॉक्स-250 कैप्सूल।

**अधोमानक दवा :** फैक्सी सीरप 30 एमएल, बाइक्जेट सिरप 30 एमएल।

Posted By: **Abhishek**

Source: https://www.jagran.com/uttar-pradesh/kanpur-city-fir-lodged-against-pharma-company-owner-due-to-selling-of-fake-drugs-19445763.html